दैनिक सवेरा टाइम्स
Dainik Savera Times
# संडे सवेरा
www.dainiksaveratimes.com
रविवार, 19 अप्रैल 2020

Preity G Zinta
@realpreityzinta



*''जन्मदिन मुबारक हो के.एल. राहुल! तुम्हें ढेर सारे प्यार, खुशियों व रनों की शुभकामनाएं। हमेशा ऐसे ही मुस्कुराते व चमकते रहो। हैशटैगबर्थडेबॉय हैशटैगटिंग।''*

## प्रभास के एक्शन सीक्वेंस ने बनाया रिकॉर्ड




**हम सभी** जानते हैं कि प्रभास एक ऐसे अभिनेता हैं, जो हमेशा अपनी पावरपैक परफॉर्मेंस के साथ हर किसी को स्तब्ध कर देते हैं। अभिनेता ने अब तक एक बागी से लेकर एक प्रेमी की भूमिका को बेहद बखूबी से निभाया है।

विद्रोही किरदार की बात करें, तो अभिनेता की साल 2012 में आई 'रिबेल' नामक एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म के सबसे उम्दा हाईलाइट्स में इसके आखिर में आने वाला इसका एक एक्शन सीन था, जिसे शानदार प्रतिक्रिया मिली थी और अब इसने एक और नई उपलब्धि अपने नाम कर ली है।

इस फिल्म में प्रभास का सबसे अच्छा एक्शन सीक्वेंस देखने को मिला था, जो अनगिनत किक, घूंसे, क्रोध और रक्त से भरपूर था और इसे दस करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है व इसके साथ ही पूरे भारत में टीवी पर इसे सबसे ज्यादा रेटिंग प्राप्त हुई है। प्रभास ने अपनी दमदार कद-काठी का पूरा उपयोग करते हुए कुछ अद्भुत एक्शन सीक्वेंस दिए हैं, जिनके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है। अभिनेता अपने काम में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं और स्क्रीन पर होनहार प्रदर्शन देने के लिए हर निर्देशक की पहली पसंद भी हैं।

अभिनेता अब अपनी आगामी फिल्म के साथ अधिक एक्शन दृश्य, अधिक रोमांस और अधिक एक्शन पेश करने के लिए तैयार हैं। प्रभास अपनी अगली 20वीं फिल्म के बाद नाग अश्विन के साथ अपनी अगली विश्वव्यापी रिलीज में नजर आएंगे।



## सारा खान 'बागी' बच्ची

***कौन सबसे साहसी है, इब्राहिम और मां अमृता बेटी सारा की ओर इशारा करती हैं, जिसमें वो स्वीकार करती हैं कि सारा अपने ग्रुप में सबसे साहसी है...***

**बॉलीवुड अभिनेत्री** सारा अली खान एक 'बागी' बच्ची हैं, जिन्हें उनकी मां अमृता सिंह और भाई इब्राहिम के अनुसार स्कूल में अच्छे ग्रेड मिले हैं।

सारा ने इंस्टाग्राम पर एक मजाकिया पोस्ट शेयर किया, जिसमें सारा अपनी मां अमृता और भाई इब्राहिम के साथ टिकटॉक चुनौती लेने के लिए एक साथ बैठी हैं, 'सबसे अधिक संभावना किसकी है'।

इस सवाल का जवाब देते हुए कि कौन सबसे साहसी है, इब्राहिम और मां अमृता सारा की ओर इशारा करती हैं, जिसमें वो स्वीकार करती हैं कि सारा अपने ग्रुप में सबसे साहसी है।

अगला सवाल यह है कि गिरफ्तारी की सबसे अधिक संभावना किसकी है, जिसमें इब्राहिम ने खुद की ओर इशारा किया। सारा का मानना है कि संभावना उनकी मां की ज्यादा है।

तीनों इन बात से सहमत हैं कि अमृता उनमें से सबसे लोकप्रिय हैं। बागी बच्चे और स्कूल में बेहतर ग्रेड पाने के बारे में पूछे जाने पर, सभी सारा की तरफ इशारा करते हैं।

अभिनय की बात करें तो सारा को आखिरी बार इम्तियाज अली की 'लव आज कल' में देखा गया था, जिसमें कार्तिक आर्यन भी थे।

**राजामौली की अगली फिल्म में**

## महेश बाबू निभाएंगे मुख्य भूमिका



'**सरिलरु नीकेवरु**' में शानदार प्रदर्शन के साथ साल 2020 अपने नाम करने वाले सुपरस्टार महेश बाबू के अगले प्रॉजैक्ट की पुष्टि हो गई है।

अभिनेता का अगला प्रोजैक्ट बाहुबली और आरआरआर के दिग्गज निर्देशक एस.एस. राजामौली के साथ होगा। पिछले कुछ महीनों से, महेश बाबू और राजामौली के बीच संभावित सहयोग से जुड़ी बहुत सी खबरें सामने आ रही थीं जिस पर अब पूर्ण विराम लग गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में राजामौली ने इस खबर की पुष्टि करते हुए साझा किया, 'यह कोई अफवाहें नहीं हैं। तथ्य यह है कि मैं महेश बाबू को निर्देशित करूंगा और इसे के.एल. नारायण द्वारा निर्मित किया जाएगा। यह आरआरआर के बाद मेरी अगली फिल्म होगी।'


इस अनटाइटल्ड फिल्म को अगले साल आधिकारिक रूप से घोषित किया जाएगा और 2022 में शूटिंग शुरू की जाएगी। कहने की जरूरत नहीं है, यह निश्चित रूप से सभी के लिए एक यादगार लम्हा होगा जब तेलुगू के सबसे बड़े अभिनेता और तेलुगू के सबसे बड़े निर्देशक, इस परियोजना के लिए एक साथ आएंगे।

## सिनेमा मानसिकता बदल सकता है : आयुष्मान

**अभिनेता आयुष्मान** खुराना का कहना है कि कला और सिनेमा मानसिकता को बदलने में काफी कुछ कर सकते हैं। उन्होंने अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' के संदर्भ में इस विषय पर बात की।

आयुष्मान ने कहा, ''यह फिल्म (शुभ मंगल ज्यादा सावधान) मेरे दिल के बहुत करीब है। समलैंगिक रिश्ते को बहुत पहले से ही वैध किया जा चुका है, हालांकि मेरा मानना है कि समाज द्वारा इसे स्वीकार कर लिए जाने के रास्ते में अभी हमें काफी लंबा सफर तय करना है।''

उन्होंने आगे कहा, ''शुभ मंगल ज्यादा सावधान'' भारत में व्याप्त समलैंगिक रिश्तों को लेकर मौजूद पूर्वाग्रहों की वास्तविकता का एक सारांश मात्र है और यह इस तरह की असाधारण कहानियों को आगे लाने का एक प्रयास भी है। मेरे ख्याल से, कला और सिनेमा मानसिकता को बदलने में काफी कुछ कर सकते हैं। इस फिल्म के साथ हमारा मकसद बस यही था कि भारत में समलैंगिक रिश्तों को लेकर बातचीत शुरू हो।''



हितेश केवल्या द्वारा निर्देशित इस फिल्म का प्रसारण 18 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा।

इस पर आयुष्मान ने कहा, ''मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और अमेजन प्राइम वीडियो पर इसके डिजीटली प्रसारण को लेकर बेहद उत्साहित हूं, जहां यह दुनिया भर के दर्शकों के बीच अपनी पहुंच बना पाएगी।''



***कोरोना वायरस महामारी को रोकने के लिए देशव्यापी लॉकडाऊन के चलते लोग अपने-अपने घरों में रहकर खूब बोर हो रहे हैं। इसके चलते बॉलीवुड के कलाकारों ने घर पर खुद को लॉकडाऊन में व्यस्त रखने के लिए खाना पकाकर, घर की साफ-सफाई कर, पालतू जानवरों का ख्याल रख, वर्कआऊट कर अपना समय बिता रहे हैं। साथ ही अपने खाने की अपडेट वह सोशल मीडिया पर करना नहीं भूल रहे हैं, जिससे कि उनके प्रशंसकों का मनोरंजन होता रहे। ऐसे ही कुछ कलाकारों के बारे में ...***

**लॉकडाऊन में बॉलीवुड**

## कलाकारों का दिखा नया अवतार






- **दीपिका पादुकोण-** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका मास्टर शैफ का अवतार लेने के साथ ही अपने पति व अभिनेता रणवीर सिंह को नए-नए लजीज व्यंजन बनाकर खिला रही हैं। अभिनेत्री ने चीजी पिज्जा से लेकर यमीलिसियश डेजर्ट तक बनाया है जिसका अपडेट वह सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर करना नहीं भूलीं। अभिनेत्री ने थाई डिश से लेकर बिरयानी तक बनाई।
- **आलिया भट्ट -** लगता है कि आलिया भट्ट ने भी अपने लॉकडाऊन के वक्त को गुजारने के लिए पाक कला का सहारा ले ही लिया है। हाल ही में अभिनेत्री ने बिना अनाज के पालेओ-केला की रोटी बनाई, वहीं वह अपनी बहन शाहीन के लिए हलवा बनाते हुए भी नजर आई।
- **कंगना रनौत-** कंगना ने भी हाल में स्वादिष्ट कप केक बनाए थे। उनके इस पल को उनकी इंस्टाग्राम हैंडल टीम कंगना रनौत के माध्यम से अपडेट किया गया था।
- **कैटरीना कैफ-** इस लॉकडाऊन ने कैटरीना कैफ के अंदर के शैफ को बाहर ला दिया है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक व्यंजन की तस्वीर डाली थी, जिसे वो पैनकेक-ऑमलेट हाइब्रिड कह रही थीं। अभिनेत्री अपनी बहन के साथ खाना बना रही थीं।
- **कृति सैनन-** लॉकडाऊन में कृति ने भी अपने हाथों में कड़छी थाम ली है, उन्होंने इस दौरान चिया पुडिंग और ओट्स-बनाना (केला) केक बनाया था।
- **मलाइका अरोड़ा -** लॉकडाऊन के दौरान मलाइका मीठी डिश में अपना हाथ आजमा रही हैं। उन्होंने बेसन लड्डू, पनियारम जैसे व्यंजन बनाए। वहीं उनके कथित बॉयफ्रैंड अर्जुन कपूर ने मलाइका के हाथों से बने स्वीट डेजर्ट की झलकी भी इंस्टाग्राम पर साझा की थी।
- **नुसरत भरूचा** ने इंस्टाग्राम पर अपने वर्क आऊट के एक वीडियो को साझा कर बताया कि उन्हें अपने ट्रेनर के साथ वर्कआऊट करने की याद आ रही है।
- **सोनाक्षी सिन्हा** को मेकअप करने की याद आ रही है।
- **कृति खरबंदा** को सजने-संवरने की याद आ रही है।
- **सोनम कपूर** को शूटिंग करने की याद आ रही है।
- **आयुष्मान खुराना** को इन दिनों फिल्म के सैट की खूब याद आ रही है। उन्होंने शो 'मनी हीस्ट' के मुख्य किरदार प्रोफैसर की भूमिका को निभाने की कल्पना की। 'मैं प्रोफैसर बनना चाहूंगा। हर एक इंसान की तरह मुझे भी काम शुरू करने का और सैट पर लौटने का बेसब्री से इंतजार है।
- **विक्की कौशल -** इस अभिनेता ने भी इंस्टाग्राम के माध्यम से हाल ही में ऑमलेट पलटने के कौशल से प्रशंसकों को अवगत कराया था।
- **दिलजीत दोसांझ -** अभिनेता द्वारा साझा की गई हालिया पोस्ट में उन्होंने न्यूट्री कीमा मटर के बारे में बताया, जिसे उन्होंने खुद ही बनाया और इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रशंसकों से इसकी विधि भी साझा की।
- **अर्जुन कपूर-** अर्जून ने इंस्टाग्राम पर बूमरैंग वीडियो डालते हुए खुद को फेक बेकर बताया था। वहीं वीडियो में वह कुछ बेक करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।
- **सिद्धार्थ मल्होत्रा** को उन दिनों की याद आ रही है, जब वह बेझिझक घर से बाहर निकल जाया करते थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा किया, ''याद है वह दिन जब हम घर का दरवाजा खोलकर यूं ही बाहर निकल जाया करते थे? मुझे अभी वही याद आ रहा है।'' - प्रस्तुति : गुरप्रीत सिंह

## कहानी

# चतुर बिल्ली



**एक चिड़ा पेड़** पर घोंसला बनाकर मजे से रहता था। एक दिन वह भोजन के चक्कर में अच्छी फसल वाले खेत में पहुंच गया। वहां खाने-पीने की मौज से बड़ा ही खुश हुआ। उस खुशी में रात को घर आना भूल गया। इधर, शाम को एक खरगोश उस पेड़ के पास आया, जहां चिड़े का घोंसला था। खरगोश ने उस घोंसले में झांककर देखा तो पता चला कि वह खाली पड़ा है। घोंसला इतना बड़ा था कि उसमें खरगोश आराम से रह सके। उसे यह बना बनाया घोंसला पसंद आ गया और उसने यहीं रहने का फैसला कर लिया।

कुछ दिनों बाद चिड़ा खा-खा कर मोटा-ताजा बन कर अपने घोंसले की ओर लौटा। उसने देखा कि घोंसले में खरगोश आराम से बैठा है। उसे बड़ा गुस्सा आया, उसने खरगोश से कहा, चोर कहीं के, मैं नहीं था तो मेरे घर में घुस गए हो? चलो निकलो मेरे घर से।

खरगोश शांति से कहा, कहां का तुम्हारा घर? कौन सा तुम्हारा घर? यह तो मेरा घर है। पागल हो गए हो तुम। अरे! कुआं, तालाब या पेड़ एक बार छोड़कर कोई जाता है तो अपना हक भी गवां देता है। यहां तो जब तक हम हैं, वह अपना घर है। बाद में तो उसमें कोई भी रह सकता है। अब यह घर मेरा है। बेकार में मुझे तंग मत करो।

यह बात सुनकर चिड़ा कहने लगा, ऐसे बहस करने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। किसी धर्मपंडित के पास चलते हैं। वह जिसके हक में फैसला सुनाएगा उसे घर मिल जाएगा।


पेड़ के पास से एक नदी बहती थी। वहां पर एक बड़ी सी बिल्ली बैठी थी। वह कुछ धर्मपाठ करती नजर आ रही थी। वैसे तो यह बिल्ली इन दोनों की जन्मजात शत्रु है, लेकिन वहां और कोई भी नहीं था इसलिए उन दोनों ने उसके पास जाना और उससे न्याय लेना ही उचित समझा। दोनों बिल्ली के पास गए और अपनी समस्या बताई।

उन्होंने कहा, हमने अपनी उलझन तो बता दी, अब इसका हल क्या है? इसका जबाब आपसे सुनना चाहते हैं। जो भी सही होगा उसे वह घोंसला मिल जाएगा और जो झूठा होगा उसे आप खा लें। अरे रे! यह तुम कैसी बातें कर रहे हो। हिंसा जैसा पाप नहीं इस दुनिया में। दूसरों को मारने वाला खुद नरक में जाता है। मैं तुम्हें न्याय देने में तो मदद करूंगी, लेकिन झूठे को खाने की बात है तो वह मुझसे नहीं हो पाएगा। मैं एक बात तुम लोगों को कानों में कहना चाहती हूं, जरा मेरे करीब आओ तो!

खरगोश और चिड़ा खुश हो गए कि अब फैसला होकर रहेगा। और उसके बिलकुल करीब गए। फिर क्या? करीब आए खरगोश को पंजे में पकड़ कर मुंह से चिड़े को बिल्ली ने नोंच लिया। दोनों का काम-तमाम कर दिया। अपने शत्रु को पहचानते हुए भी उस पर विश्वास करने से खरगोश और चिड़े को अपनी जान गवांनी पड़ी।

***सीख:*** *शत्रु से संभलकर और हो सके तो चार हाथ दूर ही रहने में भलाई होती है।*

## रंग भरो







## मूर्ख को सीख

एक जंगल में एक पेड़ पर गौरैया का घोंसला था। एक दिन कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। ठंड से कांपते हुए तीन-चार बंदरों ने उसी पेड़ के नीचे आश्रय लिया। एक बंदर बोला ''कहीं से आग तापने को मिले तो ठंड दूर हो सकती है।''

दूसरे बंदर ने सुझाया ''देखो, यहां कितनी सूखी पत्तियां गिरी हैं। इन्हें इकट्ठा कर हम ढेर लगाते हैं और फिर उसे सुलगाने का उपाय सोचते हैं।''

बंदरों ने सूखी पत्तियां का ढेर बनाया और फिर गोल दायरे में बैठकर सोचने लगे कि ढेर को कैसे सुलगाया जाए। तभी एक बंदर की नजर दूर हवा में उड़ते एक जुगनू पर पड़ी और वह उछल पड़ा। उधर ही दौड़ता हुआ चिल्लाने लगा ''देखो, हवा में चिंगारी उड़ रही है। इसे पकड़कर ढेर के नीचे रखकर फूंक मारने से आग सुलग जाएगी।''

''हां हां!'' कहते हुए बाकी बंदर भी उधर दौड़ने लगे। पेड़ पर अपने घोंसले में बैठी गौरैया यह सब देख रही थी। उससे चुप नहीं रहा गया। वह बोली '' बंदर भाइयो, यह चिंगारी नहीं जुगनू है।''

एक बंदर क्रोध से गौरैया की देखकर गुर्राया ''मूर्ख चिडिया, चुपचाप घोंसले में दुबकी रह। हमें सिखाने चली है।''

इस बीच एक बंदर उछलकर जुगनू को अपनी हथेलियों के बीच कटोरा बनाकर कैद करने में सफल हो गया। जुगनू को ढेर के नीचे रख दिया गया और सभी बंदर लगे चारों ओर से ढेर में फूंक मारने।

गौरैया ने सलाह दी ''भाइयों! आप लोग गलती कर रहे हैं। जुगनू से आग नहीं सुलगेगी। दो पत्थरों को टकराकर उससे चिंगारी पैदा करके आग सुलगाइए।''

बंदरों ने गौरैया को घूरा। आग नहीं सुलगी तो गौरैया फिर बोल उठी ''भाइयों! आप मेरी सलाह मानिए, कम से कम दो सूखी लकड़ियों को आपस में रगड़कर देखिए।''

सारे बंदर आग न सुलगा पाने के कारण खींजे हुए थे। एक बंदर क्रोध से भरकर आगे बढ़ा और उसने गौरैया पकड़कर जोर से पेड़ के तने पर मारा। गौरैया फड़फड़ाती हुई नीचे गिरी और मर गई।

## चतुर कौवा



बड़ी प्यास से मारा-मारा,
भटक रहा कौवा बेचारा।
गांव-गांव में नगर-नगर में,
पानी ढूंढ न पाया हारा।

सहस एक घड़ा जो देखा,
पर पानी था थोड़ा उसमें।
कंकड़-कंकड़ चुनकर कौवा,
लगा फैंकने बीच घड़े में।

घड़े की गर्दन तक जब पानी,
पहुंचा तब निज प्यास बुझाई।
अक्ल और मेहनत के बल पर,
किसने नहीं सफलता पाई।

**- शशिपाल शर्मा**


# ढेर सारी YAY! और मस्ती से भरे गेम्स!

SONY YAY!

## विरोधियों को मिलाना है आपका असली काम!

इन कार्टून कैरेक्टर्स की जोड़ी उससे मिलाइए जो उन्हें सबसे ज़्यादा नापसंद हैं.





सही जवाब: अ. ☐ ब. ☐ क. ☐ ड. ☐

## खतरे को भांपो और मुकाबले को जीत लो!

उन वस्तुओं और लोगों का पता लगाओ जो हनी और बनी को नापसंद हैं और जवाब नीचे लिखो!

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| C | L | Z | H | X | W | D | M | I | X |
| O | E | X | E | R | C | I | S | E | L |
| R | T | S | Q | I | J | S | H | R | I |
| N | O | N | A | O | Q | C | A | C | K |
| F | K | S | B | S | I | I | L | X | S |
| L | G | V | A | G | Y | P | C | M | U |
| A | L | H | A | N | K | L | P | R | N |
| K | M | G | S | M | A | I | V | B | N |
| E | K | C | W | Y | Q | N | Y | J | Y |
| S | T | S | A | S | L | E | I | S | M |

1 _____
2 _____
3 _____
4 _____






ऐसी ही दूसरी कहानियों के लिए देखें

HONEY BUNNY KA JHOLMAAL

सोम-शुक्र, दोपहर 12:30 बजे

केवल यहां

SONY YAY!

भाग लेने के लिए: नाम, पता, मोबाइल नंबर और उम्र के साथ अपने जवाब dskidscontest@gmail.com पर भेजिए और आकर्षक ईनाम जीतने का मौका पाइए.